# राष्ट्रीय आलू दिवस (फरवरी 15, 2022) का आयोजन

भाकृअनुप-केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान-क्षेत्रीय केंद्र, मोदीपुरम पर दिनांक फरवरी 15, 2022 को आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आलू दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुसूचित उपयोजना के अंतर्गत अंगीकृत 50 किसानों और अन्य 100 किसानों के लिए "गुणवत्तायुक्त आलू उत्पादन की उन्नत तकनीक" विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आलू की उन्नत प्रजातियाँ, आलू फसल की सस्य क्रियाएँ, फसल सुरक्षा, बीज उत्पादन एवं भंडारण विषयों पर विशेषज्ञों ने उपस्थित किसानों को जानकारी दी और उनकी समस्याओं का समाधान किया। कार्यक्रम का समापन समारोह के मुख्य अतिथि सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय के कृषि प्रसार निदेशालय के निदेशक डॉ पी. के. सिंह और अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ एन के पाण्डेय रहे। केंद्र के संयुक्त निदेशक डॉ मनोज कुमार ने अतिथियों एवं पधारे किसान भाइयों-बहनों का स्वागत किया और केंद्र पर संचालित अनुसंधान गतिविधियों के विषय में बताया। मुख्य अतिथि महोदय ने आयोजन में पधारे कृषकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी गई जानकारी को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रसारित करने का अनुरोध किया और सरकार द्वारा संचालित एफपीओ के गठन की योजना के विषय में बताया और योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया। आयोजन के अध्यक्ष डॉ पाण्डेय ने मौजूद किसानों को संस्थान द्वारा नवीन तकनीकों के विषय में बताया और इन तकनीकों को अपने-अपने क्षेत्रों में आलू उत्पादन में प्रयोग करके कम लागत में अधिक और गुणवत्तायुक्त उत्पादन करके अपनी आमदनी बढ़ाने का आह्वान किया। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल और हरियाणा राज्यों के 19 जनपदों के आलू किसानों को आलू उत्पादन की उन्नत तकनीकों के बारे में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। किसानों के समस्यायों के समाधान के लिए एक वैज्ञानिक-किसान गोष्ठी का भी आयोजन प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में किया गया। इसके अलावा संस्थान द्वारा विकसित नवीनतम आलू उत्पादन तकनीकों के सजीव प्रदर्शन हेतु एक लघु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसके साथ-साथ अलावा आलू उत्पादन तकनीक के प्रसार में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा नामित 22 कृषकों को प्रमाणपत्र एवं अंगवस्त्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। व्याख्यानों के दौरान पूछे गए प्रश्नों के आधार पर भी दस किसानों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड द्वारा कृषि ज्ञान प्रतियोगिता को प्रायोजित किया गया, जिसके अंतर्गत फर्म के प्रतिनिधि श्री पीके पाण्डेय ने कृषि आधारित प्रश्न उपस्थित किसानों से रोचक अंदाज में पूछे और सही जवाब देने वाले किसानों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुसूचित उपयोजना के अंतर्गत अंगीकृत 50 किसानों और अन्य 110 किसानों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय आलू दिवस
फरवरी 15, 2022
भाकृ अनुप.- केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान
क्षेत्रीय केंद्र मोदीपुरम मेरठ
CPRI

आलू दिवस
CPRI

CPRI

राष्ट्रीय आलू दिवस
फरवरी 15, 2022
भाकृ अनुप.- केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान क्षेत्रीय केंद्र मोदीपुरम मेरठ
CPRI